[11] No. of printed pages : 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**BA (I Semester) Examination**
**Monday, 27 April 2015**
**10.30 am - 1.30 pm**
**UA01CHLT01 - Hindi Paper 1**
**आधुनिक हिन्दी काव्य (रश्मिरथी)**

**Total Marks: 70**

**सूचना** : हिन्दी में शिरोरेखा देना अनिवार्य है ।

प्र.१ सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(कोई तीन)** (१५)

(क) नहीं फूलते कुसुम मात्र शखाओं के उपवन में
अमित बार खिलते वे पुर से दूर कुंज-कानन में ।
समझे कौन रहस्य ? प्रकृति का बड़ा अनोखा हाल,
गुदड़ी में रखती चुन-चुनकर बड़े कीमती लाल ।

(ख) कौन जन्म लेता किस कुल में ? आकस्मिक ही है यह बात
छोटे कुल पर, किन्तु यहाँ होते तब भी कितने आघात!
हाय, जाते छोटी है, तो फिर सभी हमारे गुण छोटे,
जाति बड़ी तो बड़े बनें, वे रहें लाख चाहे खोटे ।

(ग) मित्रता बड़ा अनमोल रतन, कब इसे तोल सकता है धन?
धरती की तो है क्या बिसात? आ जाय अगर बैकुण्ठ हाथ?
उसका भी न्यौछावर कर दूँ,
कुरुपति के चरणों पर धर दूँ ।

(घ) तनिक सोचिये, वीरों का यह योग्य समर क्या होगा?
इस प्रकार से मुझे मारकर पार्थ अमर क्या होगा?
एक बाज का पंख तोड़कर करना अभय अपर को,
सुर को शोभे भले, नीति यह नहीं शोभती नर को ।

(ड) मैं देख रहा हूँ जननि । कि कल क्या होगा ।
इस महासागर का अंतिम फल क्या होगा ।
लेकिन, तब भी मन तनिक न घबराता है,
उत्साह और दुगुना बढ़ता जाता है ।

प्र.२ रश्मिरथी खंडकाव्य का कथानक बताते हुए उसकी विशेषताओं की चर्चा कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए ।
(क) 'रश्मिरथी' का कर्ण
(ख) 'रश्मिरथी' की संवाद योजना

प्र.३ 'रश्मिरथी' खंडकाव्य के आधार पर कुंती का चरित्र-चित्रण कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.३ टिप्पणी लिखिए ।

(क) 'रश्मिरथी' खंडकाव्य का नामकरण

(ख) 'रश्मिरथी' की भाषा-शैली

प्र.४ निम्नलिखित अति लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(किन्हीं पन्द्रह)** (१५)

(१) रश्मिरथी का नायक कौन है?

(२) कर्ण की मृत्यु किसके द्वारा हुई?

(३) कुंती कर्ण से मिलने क्यों आती है?

(४) घटोत्कच की मृत्यु होने पर कौन दुःखी होते है?

(५) कर्ण से निराश होकर कुंती क्या कहती है?

(६) कृष्ण के समझाने पर कर्ण क्या उत्तर देता है?

(७) जाति पूछने पर कर्ण क्या कहता है?

(८) पांडव पक्ष में आने के लिए कृष्ण ने कर्ण को क्या कहा?

(९) युद्धभूमि पर कर्ण की मृत्यु किस प्रकार होती है?

(१०) कृपाचार्य ने कर्ण को क्या पूछा?

(११) एकघ्नी अस्त्र की क्या विशेषता थी?

(१२) द्रौणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा क्यों माँग लिया?

(१३) कर्ण को दानवीर क्यों कहा जाता हैं ?

(१४) सूर्य की चेतावनी के बावजूद भी कर्ण ने क्या किया?

(१५) कर्ण ने अश्वसेन सर्प की सहायता क्यों अस्वीकृत कर दी?

(१६) कौरवों तथा पाण्डवों के बीच संधि का प्रस्ताव लेकर कौन गया? कहाँ?

(१७) परशुराम ने क्या प्रतिज्ञा की थी ?

(१८) कर्ण की मृत्यु के बाद कृष्ण युधिष्ठिर को क्या कहते है?

* * *